Awareness Program (2018-19)

An awareness program related to prevention of Dengue Fever disease was conducted by the Chemistry department Students in January 2019 in and around Raipur Naka area. Local residents were provided information regarding precautions to be taken and to pull out stagnant water from coolers.

Govt. V.Y.T. P.G. Autonomus College ★ Durg (C.G.)

Principal
Govt. V.Y.T. P.G. Autonomus
College, Durg (C.G.)

कालेज के विद्यार्थियों द्वारा रायपुर नाका के आसपास डेंगू जागरूकता एवं सफाई अभियान का क्रियान्वयन

स्नातकोत्तर विद्यार्थियों एवं एन.एस.एस. की छात्र एवं छात्रा इकाईयों के लगभग 1000 से अधिक विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. राजपूत तथा प्राध्यापकों ने आज दुर्ग में रायपुर नाका बस्ती, हाऊसिंग बोर्ड आदि क्षेत्रों में डेंगू जागरूकता एवं सफाई अभियान में सम्पूर्ण दिनभर हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. राजपूत ने डेंगू जागरूकता एवं सफाई अभियान में महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों की रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में भिलाई, दुर्ग एवं आसपास के क्षेत्रों में फैल रहे डेंगू बिमारी हम सभी नगर वासियों के लिए चिंता का विषय है। महाविद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य को इस विषम परिस्थिति में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करना चाहिए। महाविद्यालय के एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. सतीश सेन एवं महिला विंग की प्रभारी प्राध्यापक डॉ. मीना मान ने संयुक्त रूप से जानकारी दी कि महाविद्यालय परिवार द्वारा आयोजित डेंगू संबंधी जागरूकता एवं सफाई अभियान के दौरान हेमचंद विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलपति प्रोफेसर शैलेन्द्र सराफ एवं कुलसचिव डॉ. राजेश पाण्डेय की उपस्थिति ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। कुलपति डॉ. सराफ ने दुर्ग विश्वविद्यालय भवन के समक्ष जागरूकता रैली में शामिल सैकड़ों विद्यार्थियों एवं महिला तथा पुरूष प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए इसे समाज सेवा की ओर साइंस कालेज, दुर्ग का सराहनीय कदम बताया। डॉ. सराफ ने सामाजिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े हर मुद्दे पर महाविद्यालय को विश्वविद्यालय द्वारा हर संभव मदद का आश्वासन दिया। महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र, भूगर्भशास्त्र, रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र, गणित, माइक्रोबायलॉजी तथा बायोटेक्नालॉजी विभाग के समस्त स्नातकोत्तर विद्यार्थियों एवं एन.एस.एस. के छात्र एवं छात्रा स्वयं सेवकों ने रायपुर नाका बस्ती तथा हाऊसिंग बोर्ड परिसर में घर-घर जाकर कूलर के पानी को साफ कराया साथ ही नमी एवं कीचड़ वाले इलाकों में जमा पानी की सफाई के साथ उसमें कीटनाशक द्रव्य पदार्थों का छिड़काव भी किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किए गए इस समाज सेवा के कार्य में रायपुर नाका बस्ती के निवासियों ने भी भरपूर सहयोग दिया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि उच्चशिक्षा मंत्री, श्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय द्वारा बी.आई.टी, दुर्ग में डेंगू बीमारी संबंधी जागरूकता एवं सफाई हेतु महाविद्यालय के प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों को विभिन्न समूहों में बंटकर पृथक-पृथक बस्तियों में जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया गया था। इसी के अंतर्गत एवं समाज सेवा की भावना से साइंस कालेज, दुर्ग के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी प्रतिदिन अपने अध्ययन-अध्यापन कार्य के पश्चात् समय निकालकर विभिन्न बस्तियों में डेंगू बिमारी संबंधी जागरूकता एवं सफाई अभियान चला रहे है। अगामी सप्ताह में भी महाविद्यालय के समीप स्थित दीपक नगर, मालवीय नगर, दुर्ग रेल्वे स्टेशन तथा रेल्वे कालोनी आदि क्षेत्रों में इस प्रकार के जागरूकता अभियान आयोजित किए जायेंगे। जागरूकता रैली के दौरान प्रमुख रूप से उपस्थिति प्राध्यापकों में डॉ. रंजना श्रीवास्तव, डॉ. एस.आर.ठाकुर, डॉ. विजय लक्ष्मी नायडू, डॉ. जी.एस. ठाकुर, डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ.गायत्री पाण्डेय, डॉ.शुभा गुप्ता, डॉ.प्रीति मेहता, डॉ. रेखा गुप्ता, डॉ.के.आई.टेप्पो, डॉ. सतीश सेन, डॉ.मीना मान, श्री सलीम अहमद आदि शामिल थे।

Govt. V.Y.T. P.G. Autonomus College Durg (C.G)

Principal
Govt. V.Y.T. P.G. Autonomus
College, Durg (C.G.)